इरेडा में 14 से 29 सितम्बर 2022 तक हिंदी पखवाड़ा, 2022 का भव्य आयोजन

प्रत्येक वर्ष की भांति, भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार इस वर्ष भी इरेडा में सितम्बर माह में हिंदी पखवाड़ा का आयोजन 14 से 29 सितम्बर 2022 तक मनाया गया । राजभाषा दिशानिर्देश के अनुसार हिंदी पखवाड़े का शुभारंभ "राजभाषा विभाग" द्वारा सूरत, गुजरात से किया गया । पखवाड़ें के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई एवं विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन किया गया तथा सभी इरेडा कर्मियों को प्रोत्साहित एवं प्रेरणा प्रदान करने के लिए एक कार्यशाला का आयोजन भी किया गया जिसका संचालन श्री केवल कृष्ण, वरिष्ठ तकनीकी (से.नि.), राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र द्वारा किया गया तथा सभी इरेडा कर्मियों ने उत्साहपूर्वक इसमें भाग लिया । दिनांक 29.09.2022 को हिंदी पखवाड़ा समापन में सुश्री संगीता श्रीवास्तव, प्रमुख प्रबंधक (राजभाषा) द्वारा विजेताओं के परिणाम बताए गए तथा हिदी पखवाड़े को सफल बनाने हेतु सभी को धन्यवाद दिया गया । इसके उपरांत अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, इरेडा द्वारा इरेडा की हिंदी ई-पत्रिका 'अक्षय क्रांति' का विमोचन किया गया तथा अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा सभी विजेताओं को बधाई दी और सभी से हिंदी में और अधिक कार्य करने के लिए कहा गया । उसके उपरांत सुश्री संगीता श्रीवास्तव, प्रमुख प्रबंधक (राजभाषा) द्वारा हिंदी पखवाड़े को सफल बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापन देकर पखवाड़े का समापन किया गया ।

Internal

इरेडा
IREDA
हिंदी पखवाड़ा, 2022
14 से 29 सितम्बर, 2022
भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड
(भारत सरकार का प्रतिष्ठान)

Internal

हिंदी पखवाड़ा, 2022
14 से 29 सितम्बर, 2022
भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड
(भारत सरकार का प्रतिष्ठान)

इरेडा
IREDA
हिंदी पखवाड़ा, 2022
14 से 29 सितम्बर, 2022
भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड
(भारत सरकार का प्रतिष्ठान)